
## एक नजर में

### सीवियर कोल्ड डे रहा नए साल का तीसरा दिन, 3 डिग्री गिरा तापमान



**शाजापुर, 3 जनवरी.** नए साल की शुरूआत तो हल्की सर्दी से हुई थी, लेकिन इसके बाद लगातार तीन दिनों से नगरवासी भीषण सर्दी का सामना कर रहे हैं. शनिवार को तो नए साल का तीसरा दिन सीवियर कोल्ड डे रहा. इस दिन न तो धूप खिली, न हवा थमी. वहीं रात से घना कोहरा शनिवार को भी दिनभर छाया रहा. जिसके चलते लोगों को दिनभर अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा. शुक्रवार रात को भी आसमान घने कोहरे से ढंका रहा तो 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने दिनभर नगर में डेरा डाले रखा. जिसके चलते लोगों को दिनभर ठिठुरना पड़ा. नगरवासी दिनभर धूप खिलने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोहरे के चलते सूरज बादलों की ओट में छुपा रहा और लोगों की उम्मीद अधूरी रह गई. कोहरे के कारण हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों को भी 20 की स्पीड से वाहन चलाना पड़ा तो कई वाहन चालको को वाहन खड़े कर कोहरा छंटने का इंतजार करना पड़ा. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अभी दो दिन और मौसम ऐसा ही रहेगा. सोमवार को हो सकता है मौसम साफहो और सर्दी से राहत मिले.

**सीवियर कोल्ड डे रहा शनिवार, 20 डिग्री रहा तापमान**

शनिवार को केवल कोहरा ही नहीं छाया रहा बल्कि इस दिन तापमान मे 3 डिग्री की गिरावट भी दर्ज की गई. इस दिन अधिकतम तापमान 23 से घटकर 20 डिग्री पहुंच गया. न्यूनतम तापमान भी 13 डिग्री से घटकर 11 तक पहुंच गया. इसके अलावा शीतलहर ने दिनभर लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया, अब लोग आसमान साफ्होने और सर्दी से राहत का इंतजार कर रहे हैं.

**रेंगते हुए चले वाहन, जीरो रही विजिबिलिटी**

80 की स्पीड से हाईवे पर चलने वाले वाहनों की गति भी घने कोहरे के कारण 20 पर पहुंच गई. इसके बाद भी वाहन चालकों को अपने वाहनों की लाईट चालू रख रास्ता तय करना पड़ा ताकि वे हादसे का शिकार न हो. दोपहर 2 बजे तक स्थिति यह थी कि आमने .सामने दिखाई देना बंद हो गया था. इस वजह से कई वाहन चालकों को अपने वाहन रोकना पड़े ताकि मौसम साफहो और वे आगे का रास्ता तय कर सके.

### हिंदू संगठनों ने जलाया बांग्लादेशी पीएम का पुतला



**शाजापुर, 3 जनवरी.** शनिवार को हिंदू जागरण मंच और सर्व हिंदू समाज के सदस्यों ने बस स्टैंड पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया. यह विरोध प्रदर्शन बांग्लादेश में दीपु दास के साथ हुई घटना और वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे लगातार अत्याचारों के खिलाफकिया गया. प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा. इसमें कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा मानवता और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफहै, जिससे क्षेत्रीय शांति प्रभावित हो रही है. वक्ताओं ने इन घटनाओं को मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया. ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि भारत सरकार कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करे और बांग्लादेश सरकार से इस घटना की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच तय कराए. साथ ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई और वहां रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की गई. प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बस स्टैंड क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा.

### सन्नी को जिला बदर किया

**शुजालपुर, 3 जनवरी.** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शाजापुर ऋजु बाफना ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थाना शुजालपुर सिटी रायकनपुरा निवासी 25 वर्षीय सन्नी उर्फसनी पिता रवि लोट को एक वर्ष के लिए जिला बदर करते हुए शाजापुर एवं सीमावर्ती जिले देवास, उज्जैन, आगर मालवा, राजगढ़ तथा सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिए हैं. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने निष्कासन आदेश जारी करते हुए आदेशित किया है कि वह प्रतिबंधित अवधि में बिना पूर्व अनुमति के उक्त क्षेत्रों में प्रवेश न करें.

### समाधान योजना की अवधि एक माह बढ़ाई

**सोयतकलां, 3 जनवरी.** शासन द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में राहत प्रदान करने हेतु संचालित समाधान योजना की अवधि एक माह बढ़ाई गई है. अब योजना में 31 जनवरी तक बकाया बिलों का भुगतान पर सरचार्ज में शत प्रतिशत की छूट मिलेगी. विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची ने बताया कि पूर्व में योजना 31 दिसंबर अंतिम तिथि थी, जिसे 31 जनवरी 2026 तक बढ़ाया गया है. योजना के तहत घरेलू, गैर घरेलू, सिंचाई और औद्योगिक बिल का भुगतान करने पर 100 प्रतिशत सरचार्ज में छूट मिलेगी. विद्युत उपभोक्ता अपना बकाया बिल विद्युत वितरण केन्द्र पर जमा कर सरचार्ज मे छूट प्राप्त करें.

### कांग्रेस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया



**शुजालपुर, 3 जनवरी.** युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार के नेतृत्व में शुजालपुर बस स्टैंड चौराहे पर शुक्रवार को दोपहर 1 बजे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के विरोध में मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया. ज्ञात हो कि वरिष्ठ पत्रकार द्वारा किए गए सवाल कि इंदौर में विषैले पानी से कई लोगों की मौतें हुई, इस लापरवाही के जिम्मेदार कौन है सवाल के जवाब में मंत्री विजयवर्गीय ने पत्रकार से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और जवाब में घंटा कहा. जिसके विरोध में पत्रकार ने भी मंत्री विजयवर्गीय को सही भाषा इस्तेमाल करने और अभद्र भाषा इस्तेमाल न करने की नसीहत भी दी. परंतु उसके जवाब में भी मंत्री के साथियों ने भी पत्रकार से धमकी भरे लहजे में बात की. मंत्री द्वारा पत्रकार के सवाल के जवाब में कहे गए शब्द घंटा की चारो ओर निंदा की जा रही है, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी सहित कांग्रेस नेताओं ने कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की है और कहा है कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए सवालों के जवाब तो नहीं दिए ऊपर से अपनी नाकामी छुपाने के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल भी किया. युवक कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, पार्षद जेपी परमार, पूर्व शहर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व पार्षद महेन्द्र नाहर, शहर अध्यक्ष रईस पठान, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी, भोजराज परमार, पूर्व एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र परमार, अनिल अग्रवाल, आकाश राजपूत, रोशन मेवाड़ा, देवराज परमार, अनिल सिसोदिया, रामपाल ठाकुर, लखन गोदिया, अभिषेक बामनिया, प्रीतम परमार सहित कई युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही.

# इंदौर त्रासदी के बाद शाजापुर अलर्ट मोड पर

## शाजापुर, कालापीपल में जल सप्लाई केंद्र व जल शुद्धिकरण केंद्र आदि की जांच



**शाजापुर, 3 जनवरी.इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के पीने से कुछ लोगों की मौत और बीमार पड़ने की घटना के बाद शाजापुर जिले में प्रशासन सतर्कता बरत रहा है. दरअसल, विभिन्न वार्डों में पाइप लाइनों की स्थिति, जल सप्लाई व शुद्धिकरण जैसी प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया जा रहा है. नगर पालिका के माध्यम से नगर में हो रहे जल सप्लाई केंद्र व जल शुद्धिकरण केंद्र की विशेष रूप से जांच की गई.**

नगर पालिका के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा नगर के रहवासी क्षेत्रों व वार्डों में बिछाई गई पाइपलाइनों व होने वाले जल सप्लाई की लाइनों की भी जांच की जा रही है. वहीं पीने के पानी के मानक की मीटर के माध्यम से जांच की जा रही है.

### गंदा पानी आ रहा है तो तत्काल बताएं

नगर में शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी, जल सभापति प्रेम यादव एवं सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित के नेतृत्व में आज नगर पालिका के दल ने नगर के वार्ड लक्ष्मी नगर में पाइप लाइन तथा वहां पर नलों में आने वाले पानी की जांच की. वहीं दल ने लोगों से कहा कि पाइपलाइन में गंदा पानी आ रहा है तो नगर पालिका में तत्काल बताएं एवं शिकायत करें, उनकी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा. इसके उपरांत अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले ने भी शाजापुर मुख्यालय स्थित जल शुद्धिकरण केंद्र वाटर वर्क्स पहुंचकर उसका निरीक्षण किया. नगर पालिका शाजापुर सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि नगर में कहीं भी किसी भी प्रकार की जल संबंधित या अगर कोई अन्य समस्या हो तो वह सीधे उनसे फोन पर संपर्क कर सकते हैं और नगर पालिका में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका तत्काल निराकरण कराया जाएगा.



### कालापीपल में जलशोधन यंत्रालय का निरीक्षण



नगर परिषद अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीएल पुरबिया ने नगर परिषद पानखेड़ी कालापीपल के जल शोधन यंत्रालय का निरीक्षण किया. इस दौरान मल्टी अरबन कंपनी के उपयंत्री अंकित कुमार के द्वारा वाटर ट्रीट मेंट प्लांट पर पेय जल का परीक्षण किया गया. परीक्षण के दौरान जल की गुणवत्ता मानक अनुसार पाई गई. साथ ही नगर में जल सप्लाय के नल कनेक्शन के जल का भी परीक्षण किया गया, जिसमें पानी पेयजल की गुणवत्ता पूर्ण रूप की पाई गई. नगर में पेयजल पाइप लाइन में खराबी या फिर पानी लीकेच होने पर तत्काल निकाय को सूचित करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुरबिया के द्वारा दिए तथा नगर के नागरिकों से भी अपील की गई. इस अवसर पर नगर परिषद के सहायक कर्मचारी उपस्थित थे.

# रास्ता रोककर लाखों रुपए लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## एक अन्य साथी को तलाश रही पुलिस

**शुजालपुर, 3 जनवरी. पुलिस थाना अवंतिपुर बडोदिया क्षेत्र में लगभग डेढ़ माह पूर्व चार पहिया वाहन को रोककर लूट करने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की. आरोपियों ने 5 लाख 12 हजार 400 रुपए की लूट की थी. आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूट की राशि बरामद की है, हालांकि पुरी राशि नहीं मिल पाई इस मामले में एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है.**



मिली जानकारी अनुसार महेश पिता गोविंद प्रसाद वर्मा निवासी अरनियाकलां 18 नवम्बर को अपनी कार से पोलायकलां जा रहा था फरियादी महेश ने रास्ते में लगभग 2 लाख रुपए एक युवक से लिए थे जो कि उधार दिए हुए थे. फरियादी के पास 5 लाख 12 हजार 400 रुपए थे, जब फरियादी अपने मामा के लड़के के साथ चार पहिया वाहन में बैठकर इमलीखेडा जोड पर रुपए गिन रहा था तभी सफद कलर की बोलेरों कार आई और फरियादी के वाहन के सामने खडी कर दी. इस बोलेरों से चार युवक हथियारों के साथ उतरे और धमकाते हुए रुपयों का झोला छुडा लिया. इसके बाद मेरी कार की चाबी निकाल ली और मोबाईल छीन कर खेत में दूर फेंक दिए, इसके बाद आरोपी अपना वाहन लेकर बिनाया की और चले गए. फरियादी ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि जिस बोलेरों से आरोपी आए उस पर पीछे सिंघम गुर्जर लिखा हुआ था. दिन दहाडे हुए लूट की इस घटना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी अवंतिपुर बडोदिया उप निरीक्षक घनश्याम बैरागी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया. टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं सतर्कता के आधार पर कार्यवाही करते हुए लूट के एक गंभीर प्रकरण में सफलता प्राप्त की गई. इस मामले में शरवन उर्फ सिंघम गुर्जर पिता मोड सिंह गुर्जर निवासी तलेनी, ओमप्रकाश उर्फ टाईगर गुर्जर पिता भंवर गुर्जर निवासी तलेनी, धर्मेन्द्र सिंह पिता निर्भय सिंह गुर्जर निवासी हरणगांव थाना लालघाटी जिला शाजापुर को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि में से 376400 रुपए एक बोलेरो वाहन अनुमानित कीमत 3 लाख डंडा एवं लोहे की रॉड कुल 6 लाख 76 हजार 400 रुपए बरामद की गई है. इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक घनश्याम बैरागी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश सिंह राजपूत, उपनिरीक्षक रामेश्वर पटेल, प्रधान आरक्षक कुलदीप, रामचरण सूर्यवंशी, आरक्षक रवि पटेल, दिनेश वर्मा, कमलेश आवलें, गजेन्द्र खन्ना, अखिल वर्मा, पंकज जोमर, लखन मेवाड़ा, मेहरबान अरड़, सोहन देथलिया, बल्लू वर्मा, ललित, वर्षा, एनसीओ विक्रम सिंह, सैनिक शुभम, कैलाश नारायण, विक्रम सिंह, कमल पटेल, ओमप्रकाश, शिवनारायण एवं सायबर सेल टीम की सराहनीय भूमिका रही.

# वार्ड 25 के लोगों ने की गंदा पानी आने की शिकायत

**शाजापुर, 3 जनवरी. नगर के वार्ड 25 लक्ष्मीनगर में लोगों के घरों में भी लंबे समय से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है. लोगों ने नगरपालिका पर लापरवाही का आरोप लगाया है. महिला पार्षद के पति ने इसकी शिकायत की, लेकिन नहीं सुनी गई. शनिवार को नगरपालिका की टीम यहां जांच करने भी पहुंची.**

स्थानीय निवासी अविनाश शर्मा ने बताया कि घरों में नलों से बदबूदार और गंदा पानी कई दिन से आ रहा है. वार्ड में साफ सफाई भी नहीं है. यहां गंदगी का अंबार है. नगर पालिका की टीम ने शनिवार को वार्ड में पाइपलाइन की जांच कर दूषित पानी के स्रोत का पता लगाने का प्रयास किया. लोगों का आरोप है कि कई दिनों से दूषित पानी पीने को मजबूर है. कई बार पार्षद माया जाटव और नगर पालिका के अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका. वार्ड पार्षद माया जाटव के पति सुनील पेंटर ने बताया कि नगर पालिका के जिम्मेदारों को जानकारी दी थी, लेकिन अनसुना कर दिया गया. सड़क निर्माण के दौरान इंजीनियर से नल की पाइपलाइन को नीचे करने की बात कही थी, लेकिन उस पर भी सुनवाई नहीं हुई. शिकायतों के बाद शनिवार को नगर पालिका में सहायक यंत्री सुरेन्द्र सजोतिया टीम के साथ पहुंचे. उन्होंने बताया कि पेयजल की पाइप लाइन में कुछ जगह लीकेज मिला है, उसे ठीक करवा दिया जाएगा.

> ***इनका कहना है***
>
> *केवल दो वार्डों में गंदा पानी मिलने की शिकायत मिली थी. टीम ने वार्ड नंबर 25 में जाकर मुआयना कर पाइप लाइन चेक की थी. एक दो जगह पाइप लाइन लीकेज हो रही है, उसे ठीक करवाया जा रहा है. इसके अलावा, वार्ड दो में भी शिकायत मिली है, उसे भी दिखवा रहे हैं.*
>
> ***भूपेंद्रकुमार दीक्षित, सीएमओ, नपा, शाजापुर***

# कुएं से मिला युवक का शव



**शाजापुर, 3 जनवरी. तुहेड़िया गांव में एक खेत के कुएं में एक व्यक्ति का शव तैरते हुए मिला. खेत पर पहुंचे ग्रामीणों ने कुएं में शव देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सुनेरा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया.**

यह घटना शनिवार दोपहर करीब 3 से 4 बजे की है. सुनेरा थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि मृतक की पहचान जितेन पिता प्रहलाद सिंह राजपूत 35 निवासी तुहेड़िया के रूप में हुई है. जिस कुएं से शव बरामद हुआ है, वह मृतक के ही खेत में स्थित है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा. थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा.

# जिपं सदस्य का उपचुनाव, 2410 वोटों से हासिल की जीत

## जीत के बाद समर्थकों ने निकाला विजयी जुलूस, पुलिस बल रहा तैनात

**सोयतकलां, 3 जनवरी. जिला पंचायत सदस्य पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 के उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार को डग रोड स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज में सम्पन्न हुई. भाजपा नेता कालू सिंह सिसोदिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मथुराबाई मोहन सिंह गुंदलावदा को 2410 मतों से हराकर जीत दर्ज की. कालू सिंह सिसोदिया को 13,299 मत मिले.**

मतगणना की प्रक्रिया 13 टेबलों पर की गई. कुल 3 राउंड के 12 सब राउंड में पूरी की गई. यह पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई. कालू सिंह सिसोदिया को 13,299 मत मिले, जबकि मथुराबाई मोहन सिंह को 10,889 मत मिले. अन्य उम्मीदवारों में कैलाश पाटीदार को 6,240 मत और घनश्याम मेघवाल को 3,178 मत मिले. प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, उपचुनाव के परिणाम की औपचारिक घोषणा 5 जनवरी को जिला मुख्यालय से की जाएगी.

**इनकी मौजूदगी में सम्पन्न हुई मतगणना...**

शासकीय आईटीआई कॉलेज में शुक्रवार सुबह 8 बजे से जिला पंचायत सदस्य पद के वार्ड क्रमांक 1 के उपचुनाव के मतगणना शुरू की गई. यहां अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, पर्यवेक्षक पीके वर्मा व आगर एसडीएम मिलिंद ढोके, सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव व एसडीओपी देवनारायण यादव की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से मतों की गिनती की गई. यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा.

**समर्थकों ने आतिशबाजी कर निकाला जुलूस जाहिर की खुश**

जीत के बाद कालूसिंह सिसोदिया के समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की. इस चुनाव में पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह ने कालू सिंह सिसोदिया के समर्थन में सक्रिय रूप से प्रचार किया था और जीत के बाद समर्थकों की ओर से उनका सम्मान भी किया गया. डग रोड से डीजे और आतिशबाजी के साथ शुरू हुआ विजय जुलूस राणा हाउस पर पहुंचा. यहां पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह के द्वारा कालूसिंह सिसोदिया का स्वागत किया गया. वहीं पूरे जुलूस के द्वारा भी जगह-जगह कालूसिंह सिसोदिया का फूलमालाओं से व साफा बांधकर के स्वागत किया गया. सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा. वहीं सोयतकलां में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कर राज सिंह जादौन के निज निवास पर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर स्वागत किया. साथ ही डीजे की धुन पर विशाल जुलूस निकाला. वहीं से पिपलिया खेड़ा बालाजी दर्शन के लिए निकले, जहां पर सालिया खेड़ी डोंगरगांव में जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर स्वागत किया गया.

**एक नजर में** | **महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली**

# नशा छोड़ो,जीवन जोड़ों, स्वस्थ युवा, सशक्त भारत का दिया संदेश

**शुजालपुर, 3 जनवरी. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया.**

रैली का उद्देश्य छात्र-छात्राओं सहित समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त जीवन के प्रति प्रेरित करना रहा. रैली महाविद्यालय परिसर में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने सहभागिता की. स्वयंसेवकों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं से नशा न करने का आह्वान किया. रैली के दौरान नशा छोड़ो,जीवन जोड़ों, स्वस्थ युवा, सशक्त भारत जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया.




### नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देता है...

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजरानी खुराना ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देता है. उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि अपने परिवार और समाज में भी इसके खिलाफ जागरूकता फैलाएं. उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाजहित में अत्यंत उपयोगी बताया. कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने नशा मुक्ति अभियान की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा वर्ग यदि ठान ले तो नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है. रैली के दौरान स्वयंसेवकों को नशा न करने और न ही किसी को नशा करने देने की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर डॉ. प्रवीणा धारीवाल, प्रीतम परमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफउपस्थित रहा. रैली के सफल संचालन में स्वयंसेवक संतोष वर्मा, ममता वर्मा, शिवानी कुशवाह, अंश राठौर, रेणुका, सोनू एवं शेखर ने सक्रिय भूमिका निभाई. कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ किया गया. यह आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ.